आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 29.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेशवासियों से नौले–धारों और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण का आह्‌वान किया है।
- प्रदेश में मुफ्त गैस रिफिलिंग योजना के लाभार्थियों के खातों में जल्द ही सब्सिडी भेजी जाएगी।
- पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत हरिद्वार जिले के पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के निर्देश।
- देहरादून जिला प्रशासन ने पल्टन बाजार सहित अन्य स्थलों पर महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट के निर्माण की कवायद शुरू की।

आह्‌वान

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेशवासियों से नौले–धारों और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण का आह्‌वान किया है। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन हैं, जिनके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रदेश की जनता की है। उन्होंने बताया कि राजभवन में जल संचयन पर कार्य किया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम दिख रहे हैं। राज्यपाल ने जल संरक्षण तथा संचयन के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि जल प्रबंधन में ग्राम पंचायतों और नागरिक संगठनों को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

सिल्क्यारा विजय अभियान

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में आयोजित 'सिलक्यारा विजय अभियान' प्रथम वर्षगाँठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सिल्क्यारा अभियान, राज्य आपदा प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह अभियान धैर्य, नेतृत्व, तालमेल और संकल्प को पूरा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल सिल्क्यारा के सफल बचाव अभियान ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा था। यह अभियान अब आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अध्ययन और शोध का विषय भी माना जा रहा है। यह अभियान सामूहिक समर्पण और तकनीकी दक्षता की अनुपम मिसाल बना है।

इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सिल्क्यारा विजय अभियान पुस्तक और अन्य पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान पर बनी लघु फिल्म का अवलोकन भी किया।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिल्क्यारा सुरंग के भीतर मलबा धसनें से 41 श्रमिक टनल के अंदर फंस गए थे, जिन्हे कड़ी मेहनत से 17 दिन बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया।

डीबीटी

राज्य में मुफ्त गैस रिफिलिंग योजना के लाभार्थियों के खातों में जल्द ही सब्सिडी, डीबीटी के जरिए भेजी जाएगी। इसके लिए संबंधित विभाग को शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। देहरादून में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत डोर स्टेप डिलीवरी करने वाले राशन ठेकेदारों के ढुलान भाड़े का भुगतान राज्य सरकार अपने स्तर से करेगी, ताकि समय पर ठेकेदारों को भुगतान किया जा सके और केन्द्र सरकार से मिलने वाली राशि राज्य सरकार के खजाने में निहित हो सके। बैठक के दौरान श्रीमती आर्या ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सस्ता गल्ला विक्रेताओं के रिक्त पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता देने और महिला आरक्षण की योजना पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जल्द ही इस प्रस्ताव को तैयार करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण

चमोली जिले में कृषि और उद्यान विभाग ने सारकोट गांव की महिलाओं को नैनो पैकेजिंग यूनिट का प्रशिक्षण दिया। इसमें महिलाओं को विभिन्न प्रकार की पैकिंग यूनिट जैसे अचार डब्बा बंदी, स्क्वैश बोतल को सील करना, लैबलिंग, बैंक सेलर से दाल पैकिंग, अचार पैकिंग, के साथ मंडुवा थ्रेसर, झंगोरा पीसने और जूस निकालने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ महिलाओं को कृषि और उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। इस दौरान महिलाओं ने पॉलीहाउस के साथ ही जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए घेरबाड़ा की मांग की, जिस पर मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

लोकसभा

केद्र सरकार ने कहा है कि रेलवे ने तेज गति से चलने वाली रेलगाडियों की डिजाइनिंग और निर्माण का काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि इस रेलगाड़ी की अधिकतम गति 280 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसकी निर्माण लागत लगभग 28 करोड़ रुपये प्रति रेलगाडी होगी।

निर्देश

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के निर्देश दिए हैं।

पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों के कौशल विकास के लिए प्राथमिकता से काम किया जाए। उन्होंने महिलाओं के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ही कौशल विकास प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ज़िलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लक्सर, भगवानपुर, रूड़की आदि क्षेत्रों में कौशल विकास केन्द्रों की संख्या बढ़ाने को कहा।

पिंक टॉयलेट

देहरादून जिला प्रशासन ने पल्टन बाजार सहित अन्य स्थलों पर महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट के निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। जिले के रेखीय विभागों के साथ अपने कार्यालय में बैठक लेते हुए ज़िलाधिकारी सविन बंसल ने शहर में पिंक शौचालय बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि बाजार और भीड़—भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टायलेट बनाने के लिए कुछ स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चिन्हित स्थानों पर शौचालय निर्माण के लिए जल्द कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

समापन

55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में कल शाम भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हो गया। महोत्सव का प्रतिष्ठित स्वर्ण मयूर पुरस्कार सौले बिलुवाइट निर्देशित फिल्म टॉक्सिक को प्रदान किया गया। इफ्टी 24 में प्रतिभाओं और अनुभवों का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसमें एक ओर उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला तो दूसरी ओर सिनेमा और संगीत जगत के दिग्गजों ने जीवन के अनमोल अनुभव साझा किये। समापन समारोह में सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने फिल्म बाजार का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा यह अपने प्रकार का एक अनूठा और सबसे बड़ा मंच रहा, जहां फिल्म जगत के प्रमुख नाम और उद्योग विशेषज्ञ नेटवर्किंग सहयोग के लिए पहुंचे।

सुरक्षा कदम

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को व्यापक कदम उठाने के निर्देश दिये है। इन कदमों से राष्ट्रीय राजमार्गो पर दृश्यता में सुधार आएगा। इन उपायों को दो श्रेणियों— इंजीनियरिंग और सुरक्षा जागरूकता उपायों में बांटा गया है। इंजीनियरिंग उपायों में गायब और क्षतिग्रस्त सड़क चिह्नों को पुनः लगाना, फुटपाथ चिह्नों को ठीक करना, परावर्तक मार्कर और मध्य चिह्न लगाकर सुरक्षा उपकरणों की दृश्यता बढ़ाना शामिल है। वहीं सुरक्षा जागरूकता उपाय के तहत राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को कम दृश्यता की स्थिति के बारे में जागरूक करना है।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर –

गृह मंत्री अमित शाह ने मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। यह ख़बर सभी समाचार पत्र की सुर्खियों में है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– चिंतन व व्यवस्था से हल होंगी समस्यांए। गृहमंत्री ने कहा– पीएम के सपनों के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सिविल सेवकों की भूमिका अहम। दैनिक जागरण श्री शाह के हवाले से लिखता है– गवर्नेंस को रिएक्टिव नहीं, प्रोएक्टिव बनाया जाए। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र ने अमित शाह के हवाले से अपना शीर्षक दिया है– हमारी न्याय प्रणाली विश्व में सबसे आधुनिक बनेगी, गृहमंत्री ने मसूरी में युवा अफसरों को किया संबोधित, कहा– मार्च 2026 तक पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा नक्सलवाद।

डबल इंजन की सरकार से विकास कार्यों को मिलेगी नई गति। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के इन शब्दों को अमर उजाला ने प्रकाशित किया है।

एक अन्य ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– निकायों में स्वीकृत पदों से अलग भर्ती आउटसोर्स, सविंदाकर्मी हटेंगे, सचिव शहरी विकास ने सभी निकायों के लिए जारी किया आदेश।

पंचायतीराज विभाग की ओर से देहरादून में परिसीमन की स्थिति स्पष्ट करने पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– नए परिसीमन में रायपुर में पांच, डोईवाला में दो और चकराता में एक नई पंचायत बनी।

उत्तराखंड में फिल्मों को दिए जा रहे प्रोत्साहन पर हिंदुस्तान समाचार ने उत्साहजनक ख़बर दी है। समाचार पत्र लिखता है– नई फिल्म नीति से उत्तराखंडी सिनेमा हिट, बीती फरवरी में नई फिल्म लागू होने के बाद अब तक रिलीज हो चुकी हैं 12 आंचलिक फिल्में हिट।

दून विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य विज्ञान एवं प्राद्योगिक सम्मेलन पर नवोदय टाइम्स राज्यपाल के हवाले से लिखता है– विज्ञान और तकनीक की मदद से दुनिया बदलने में जुटें युवा।

मार्च तक आरपार हो जाएगी सिलक्यारा सुरंग। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला ने लिखा है– बीते वर्ष भूस्खलन के चलते दो माह तक बंद था काम, अब गति पकड़ रहा निर्माण कार्य।